रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-128

REGISTERED NO. D. (D.N.)-128

केन्द्रीय सचिवालय ग्रन्थागार
CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
GOVT. OF INDIA
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 48] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 26, 1987/पौष 5, 1909

No. 48] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 26, 1987/PAUSA 5, 1909

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

## भाग II—खण्ड 4
## PART II—Section 4

### Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence
### रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश

### रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 1987

का० नि० आ० 378.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सैनिक भूमि और छावनी (छावनी अधिशासी अधिकारी) (सेवा समूह "ख") नियम, 1983 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने से लोप किया गया है, रक्षा सम्पदा संगठन में छावनी अधिशासी अधिकारी पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा सम्पदा सेवा (छावनी कार्यपालक अधिकारी) (समूह "ख") भर्ती नियम, 1987 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा और अन्य अर्हताएं आदि :—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 13 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. आरंभिक गठन :—(1) इन नियमों के प्रारंभ की तारीख को भतपूर्व सैनिक भूमि और छावनी (छावनी कार्यपालक अधिकारी) सेवा (समूह "ख") में नियमित आधार पर छावनी कार्यपालक अधिकारी (समूह "ख") के पद पर नियुक्त सभी अधिकारी इस सेवा में नियुक्त किए गए समझे जाएंगे।

टिप्पण (1) उपनियम (1) में उल्लिखित अधिकारियों की सेवा में उनकी नियुक्ति के पूर्व की नियमित निरन्तर सेवा, ज्येष्ठता, पुष्टि, प्रोन्नति और पेंशन के लिए गणना में ली जाएगी।

| भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा |
|---|---|
| 10 | 11 |
| (1) रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा 45 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा।<br>(2) रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित सीमित विभागीय परीक्षा के आधार पर 55 प्रतिशत स्थानान्तरण द्वारा। | प्रोन्नति—(1) 10 प्रतिशत भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा में के उन कार्यालय अधीक्षक श्रेणी-1 में से जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है।<br>(2) 15 प्रतिशत उन अधिकारियों में से जो कार्यालय अधीक्षक श्रेणी—1 आशुलिपिक श्रेणी—1 और कनिष्ठ अनुवादक की श्रेणी में है और जिन्होंने कुल मिलाकर 20 वर्ष नियमित सेवा की है।<br>टिप्पण—20 वर्ष की अर्हक सेवा की गणना करते समय कर्मचारी द्वारा केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग में प्राप्त अनुभव को भी लेखा में लिया जायेगा, परन्तु तब जब उसे यथास्थिति रक्षा सम्पदा सेवा/छावनी बोर्ड में, स्थायी रूप से आमेलित कर लिया गया है।<br>स्थानान्तरण—सीमित विभागीय परीक्षा के आधार पर,<br>(1) 45 प्रतिशत रिक्तियां छावनी बोर्डों के उन कर्मचारियों में से भरी जाएगी जिनका (मूल वेतन 1400—00 रु प्रतिमास से कम नहीं है और जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड/स्कूल से मैट्रिक या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण की है और छावनी बोर्ड में कुल 20 वर्ष की नियमित सेवा की है।<br>(2) 10 प्रतिशत रिक्तियों के लिए सूबेदार मेजर/सूबेदार या समतुल्य पंक्ति के (ऐसे भूतपूर्व सैनिक भी प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे जो इस समय भी सेवा में है परन्तु सेवा से एक वर्ष के भीतर ही निवृत्त होने वाले है या रिजर्व में स्थानान्तरित किए जाने वाले है। यदि उनका सेवा निवृत्ति से पूर्व चयन कर लिया जाता है तो वे प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्त किए जाएंगे और सशस्त्र सेवा से अपनी सेवा निवृत्ति पर उन्हें बाद में पुन नियोजन पर आमेलित कर लिया जाएगा। छावनी बोर्ड के अधिकारियों/भूतपूर्व सैनिकों की स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्ति करते समय, आयोग से परामर्श किया जाएगा। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|
| (12) | 13 |
| समूह "ख" विभागीय प्रोन्नति समिति<br>(प्रोन्नति और पुष्टि के सम्बन्ध में विचार करने के लिए)<br>1 अपर महानिदेशक (प्रशासन), रक्षा सम्पदा—अध्यक्ष<br>2 अपर महानिदेशक, रक्षा सम्पदा—सदस्य<br>3 उप सचिव/निदेशक (मकर्म), रक्षा मंत्रालय—सदस्य | छावनी बोर्ड से अधिकारियों की/भूतपूर्व सैनिकों की स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्ति करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |

[फा सं 103/57/प्रशासन/ भू व छा 5]

## MINISTRY OF DEFENCE

New Delhi, the 9th December, 1987

S.R.O. 378.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Military Lands and Cantonments (Cantonment Executive Officers) Service (Group 'B') Rules, 1983, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Cantonment Executive Officer in the Defence Estates Organisation, namely :—

1 Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Defence Estates Service (Cantonment Executive Officer) (Group 'B') Recruitment Rules, 1987

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2 Number of post, classification and scale of pay.—The number of the said post, its classification, and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3 Method of recruitment age limit and other qualifications, etc —The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid

4 Initial Constitution —(1) All officers appointed to the posts of Cantonment Executive Officers (Group 'B') in the erstwhile Military Lands and Cantonments (Cantonment Executive Officers) Service (Group 'B') on regular basis on the date of commencement of these rules shall be deemed to have been appointed to the Service

Note —The regular continuous service of officers mentioned in sub-rule (1) prior to their appointment to the Service shall count for seniority, confirmation, promotion and pension

(2) Thereafter, all vacancies which remained unfilled upto 25th February, 1983 including vacancies falling in the quota of direct recruits as per rule 5(b) of the Military Lands and Cantonments Service (Group A and Group B) Rules, 1951, shall be filled by appointment of such of the employees, as were found suitable for such appointment on the basis of the examinations held under rule 8 of the Military Lands and Cantonments (Class I and Class II) Rules, 1951 but were not appointed to the post of Cantonment Executive Officer (Group B) on regular basis

(3) All vacancies becoming available due to promotions of the officers of the Service to Junior Scale of Group 'A' under rule 6(2) of the Indian Defence Estates Service (Group A) Rules, 1965, upto 25th February 1983, shall also be filled in the manner as provided in sub-rule (2) above

(4) Thereafter vacancies shall be filled by appointment of such of the employees as were found suitable for such appointment on the basis of the examination held in August, 1983 under rule 7 of the Military Lands and Cantonments (Cantonment Executive Officer) Service (Group B) Rules, 1983

(5) To the extent the authorised regular strength in the service is not filled at the time of the initial constitution it shall be filled in accordance with the Schedule

5 Disqualification — No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing exempt any person from the operation of this rule

6 Power to relax — Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons

7 Saving —Nothing in these Rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard

## SCHEDULE

| Name of post | No of post | Classification | Scale of Pay | Whether selection post or non-selection post | Age limit for direct recruits | Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the C C S (Pension Rules, 1972) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6(a) |
| Cantonment Executive Officer | 24 (1987) *Subject to variation dependent on work-load. | General Central Service Group 'B' Gazetted Non-Ministerial | Rs 2000-60-2300-EB-75-3200-100-3500. | Selection | N A | N A |

| Educational and other qualification required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. | Method of rectt whether by direct rectt, or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods. |
|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 |
| N A | N A | 2 years | (i) 45% by promotion by Limited Departmental Exam conducted by the Ministry of Defence<br>(ii) 55% by transfer on the basis of Limited Departmental Exam conducted by Ministry of Defence |

| In case of rectt. by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made. | If a DPC exists, what is its composition | Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making Rectt. |
|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 |
| PROMOTION :<br>(i) 10% by Office Supdt. Gde-I in the Indian Defence Estates Service with 3 years regular service in the Grade.<br>(ii) 35% by Officers in the grade of Office Supdt. Gde-I, Stenographer Gde-I and Junior Translator who have rendered 20 years of total regular service.<br>Note : While computing 20 years of qualifying service experience of an employee in any other department of the Central Government will be taken into account provided he has been permanently absorbed in the Defence Estates Service/Cantt. Board as the case may be.<br>TRANSFER :<br>On the basis of Limited Departmental Exam. from<br>(i) 45% of vacancies from employees of the Cantt. Boards drawing basic pay of not less than Rs. 1400/- per month and passed Matriculation examination from a recognised University/Board/School or equivalent.<br>AND<br>have rendered 20 years total regular service to the Cantt. Board.<br>(ii) 10% of the vacancies from Ex-serviceman of the rank of Subedar Major/Subedar or equivalent who are still in service but are about to retire or transferred to the reserve within a year shall also be eligible to appear at the competitive examination. In the event of their selection before retiring they shall be appointed on transfer on deputaion basis to be absorbed on re-employment subsequently on their retirement from Armed Services, Commission shall be consulted for appointment officers from the Cantt Boards/Ex-Servicemen on transfer basis. | Group 'B' DPC for promotion and confirmation) :<br>1. Additional Director General (Admn.) Defence Estates– Chairman.<br>2. Additional Director General, Defence Estates Member.<br>3. Deputy Secretary/Director (Works) Min. of Defence—Member.<br>Note : The proceedings of the DPC relating to confirmation shall be sent to the Commission for approval. If, however, these are not approved by the Commission a fresh meeting of the DPC to be presided over by the Chairman or a Member of the UPSC shall be held. | UPSC shall be consulted for appointing officers from the Cantt. Board/Ex-serviceman on transfer basis. |

[F. No. 103/57/Adm./L & C]

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 1987

का.नि.आ. 379.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सैनिक इंजीनियर सेवा (प्रधान बैरक और भंडार अधिकारी) भर्ती नियम, 1978 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सैनिक इंजीनियर सेवा (प्रधान बैरक और भंडार अधिकारी भर्ती (संशोधन) नियम, 1987 है।

(2) ये राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. सैनिक इंजीनियर सेवा (प्रधान बैरक और भंडार अधिकारी) भर्ती नियम, 1978 में,—

(क) नियम 6 में "अनुसूचित जनजातियों" शब्दों के पश्चात् "और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों" शब्दों से पहले निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"भूतपूर्व सैनिकों"

(ख) अनुसूची में,—

(1) स्तम्भ 9 के नीचे की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात्:—

"लागू नहीं होता"

(2) स्तम्भ 12 के नीचे की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात्:—

"1. समूह "क" विभागीय प्रोन्नति समिति
(प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए)

(क) अध्यक्ष या सदस्य
संघ लोक सेवा आयोग—अध्यक्ष

(ख) संयुक्त सचिव (पेंशन और संकर्म)
रक्षा मंत्रालय—सदस्य